अमर उजाला 14/11/2024

प्रो. डॉ. गीता राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार से सम्मानित

अंबाला। भगवती वेलफेयर सोसाइटी हरियाणा की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम डॉ. अदित सिंह वर्मा के नेतृत्व में किया। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षकों को राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. गीता कौशिक को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने, जन-जन में शिक्षा की महत्ता को बढ़ावा देने और शिक्षा के माध्यम से खुद को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद करने के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने डॉ. गीता कौशिक के प्रयासों की सराहना की। संवाद